# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला–दुर्ग (छत्तीसगढ़)

## आदेश

क्रमांक/ 768 /अ.जि.द./2021 दुर्ग, दिनांक 04/05/2021

कोविड–19 पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के अनुक्रम में इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 93/अ.जि.द./2021 दिनांक 02.04.2021 सहपठित आदेश क्रमांक 696 दिनांक 13.04.2021 एवं 107 दिनांक 17.04.2021 तथा आदेश क्रमांक 737 दिनांक 24.04.2021 के माध्यम से दुर्ग जिला अन्तर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को दिनांक 06.05.2021 प्रातः 06.00 बजे तक की अवधि हेतु कंटेनमेंट जोन घोषित करते हुये जिला दुर्ग में सार्वजनिक आवागमन एवं अन्य गतिविधियों पर कड़े प्रतिबंध अधिरोपित किये गये है।

दुर्ग जिले में व्यवसायिक गतिविधियों पर अधिरोपित प्रतिबंधों एवं सम्पूर्ण जिले को कंटेनमेंट जोन घोषित करने से कोविड–19 पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है किन्तु कोविड–19 से होने वाली मौतों की संख्या अभी भी चिन्ता का विषय है। अतः कोरोना वायरस की चेन को तोड़ने हेतु सम्पूर्ण दुर्ग जिले में कंटेनमेंट जोन की अवधि बढ़ाया जाना व्यापक लोकहित में आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 30, 34 सहपठित एपिडेमिक एक्ट, 1987 यथासंशोधित 2020 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 93/अ.जि.द./2021 दिनांक 02.04.2021 सहपठित आदेश क्रमांक 696 दिनांक 13.04.2021 एवं आदेश क्रमांक 107 दिनांक 17.04.2021 तथा 737 दिनांक 24.04.2021 को अधिक्रमित करते हुए मैं, डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग निम्नलिखित आदेश प्रसारित करता हूँ :–

1. दुर्ग जिला अन्तर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र दिनांक 17.05.2021 प्रातः 06.00 बजे तक पूर्ववत कंटेनमेंट जोन रहेगा। उपरोक्त दर्शित अवधि में दुर्ग जिले की सभी सीमाएँ पूर्णतः सील रहेगी।
2. उपरोक्त समयावधि में निम्नलिखित गतिविधियाँ पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी :–
   i. सभी बाजार, मॉल, सुपर बाजार, मैरिज हॉल, स्विमिंग पूल, क्लब, सैलून/ब्यूटी–पार्लर तथा जिम इत्यादि बंद रहेंगे।
   ii. सम्पूर्ण जिला अन्तर्गत संचालित समस्त शराब दुकाने एवं बार बंद रहेंगें।
   iii. सभी धार्मिक, सांस्कृतिक, पर्यटन स्थल तथा पार्क इत्यादि उक्त अवधि में आम जनता के लिए पूर्णतः बंद रहेंगे। पर्यटक स्थल जैसे मैत्रीबाग, उद्यान, सभी पर्यटक स्थल इत्यादि आम जनता हेतु पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगें।

